an>

Title: Need to extend the Century Express train No. 15319/15320 to Tikunia railway station of Lakhimpur District, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र लखीमपुर खीरी में दो फरवरी, 2013 को तत्कालीन रेल राज्य मंत्री जी ने आमान परिवर्तन के लिए शिलान्यास किया था। वर्ष 2016 में वह काम पूरा होने वाला था, लेकिन अभी तक वह काम प्रारम्भ नहीं हो पाया है। मैं चाहता हूं कि भारत सरकार इस पर ध्यान दे और आमान परिवर्तन का काम कराया जाए।

वहां बाढ़ में लखनऊ-मैलानी रेल प्रखण्ड पर पलिया से तिकुनिया तक बाढ़ के कारण रेल की पटरी बाधित हो जाती है, जिसकी वजह से तीन माह तक रेल यातायात बंद रहता है। मैं चाहता हूं कि उसके लिए एक नई रेललाइन पलिया, निवासन, ढकरवा होते हुए लखीमपुर और बिछिया तक बनाई जाए। वहां पर बहुत सी ऐसी रेलवे क्रासिंग्स हैं, जिन पर बैरियर नहीं हैं, जो बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ...(व्यवधान) जनपद लखीमपुर खीरी के मैलानी से गोंडा जाने वाली पैसैंजेर ट्रेन संख्या 5258 अप।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, during the 'Zero Hour' you have to raise only one issue.